**सं. डीएसटी/02/2021 – स्था.III**

**भारत सरकार**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग**

**विज्ञापन सं. डीएसटी/02/2021 – स्था.**

**आवेदन प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) आधार पर वैज्ञानिक अताशे समूह 'क', राजपत्रित के कुल दो (02) पदों को भारतीय मिशन, वाशिंगटन, सं.रा.अ., और भारतीय मिशन मॉस्को, रूस प्रत्येक में एक, भरने के लिए आमंत्रित किए जाते हैं:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | **वेतन मैट्रिक्स में स्तर** | : | 37400-67000 रू.+ ग्रेड पे 8900 रू. (पी बी-4)<br>(संशोधन-पूर्व) स्तर 13 क (1,31,100-2,16,600 रू.) (संशोधित) |
| **2.** | **भर्ती की पद्धति** | : | प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) |
| **3.** | **पद की प्रकृति** | : | अस्थायी |
| 4. | **प्रतिनियुक्ति की अवधि** | : | तीन वर्ष |

**5.** **<u>पात्रता</u>**

केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्ध सरकारी या सांविधिक या भारत या विदेश स्थित स्वायत्त संगठन में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद:

(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद पर सेवारत हों अथवा

(ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13 (रू.1,18,500-2,14,100) या समतुल्य में मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर पदासीन होकर दो वर्ष की सेवा प्रदान की हो; अथवा

(iii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-12 (रू.78,800-2,09,200) या समतुल्य में नियमित आधार पर मूल संवर्ग अथवा विभाग में छह वर्ष की सेवा प्रदान की हो; और

(ख) जो नीचे विहित शैक्षिक अर्हता और अनुभव रखते हों:-

**<u>अनिवार्य अर्हताएं और अनुभव :</u>**

I. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य संस्थान से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट डिग्री या अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा मेडीसिन में निष्णात डिग्री;

II. औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों अथवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठनों में अनुसंधान तथा विकास में अथवा वैज्ञानिक कार्यकलापों एवं सेवाओं में बारह वर्षों का अनुभव जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, आयोजना विकास तथा सहयोग के क्षेत्र में प्रबंधकीय क्षमता का छह वर्षों का अनुभव आवश्यक होगा।

III. स्नातक और उत्तरवर्ती स्तर पर विज्ञान विषयों से प्राकृतिक विज्ञान, गणित, सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर विज्ञान का कम से कम एक विषय होना चाहिए।

**<u>वांछनीय अर्हताएं और अनुभव:</u>**

I. अंग्रेजी के अतिरिक्त आधुनिक यूरोपीय या जर्मन या रूसी या जापानी भाषा का ज्ञान;

II. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से प्राकृतिक या कृषि विज्ञान में पोस्ट डॉक्टरेट की डिग्री या अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में डॉक्टरेट की डिग्री जो ऐसे विश्वविद्यालय या संस्थान के प्रमाणन से साक्ष्यांकित हो और साइंस साइटेशन इंडेक्स (एससीआई) पत्रिकाओं में अनुसंधान कार्य का प्रकाशन।

III. विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अंतर विषयक क्षेत्र में व्यापक अनुभव जिसमें प्रतिलिप्यधिकार, बौद्धिक संपदा अधिकार, पेटेंट और आविष्कार को महत्व दिया गया हो।

टिप्पणी : केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयुसीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख की स्थिति के अनुसार छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**आयु सीमा:** ऊपरी आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

6. **<u>कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व:</u>**

(i) संयुक्त सहयोग कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का अनुवर्तन करना ।

(ii) द्विपक्षीय सहयोग के लिए संभावित नए क्षेत्रों का सुझाव देना ।

(iii) भारत के हित के विशिष्ट क्षेत्रों में प्रत्यायित देशों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में हुई नवीनतम प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करना।

(iv) भारत स्थित विभिन्न वैज्ञानिक एजेंसियों द्वारा प्रत्यायित देशों में प्रत्यायोजित सरकारी कार्यों में लग जाना।

(v) प्रत्यायित देशों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित नए नीतिगत निर्णयों और संबंधित पहलुओं के बारे में भारत सरकार को अवगत कराना ।

(vi) प्रत्यायित देशों में कार्यरत/बसे भारतीय वैज्ञानिकों का रोस्टर तैयार करना और उनके साथ संपर्क बनाए रखना।

(vii) भारतीय वैज्ञानिकों से प्राप्त होने वाले अनुरोधों पर कार्रवाई करना।

(viii) भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्रियाकलाप संबंधी जानकारियों के लिए नाभीय केंद्र के रूप में कार्य करना।

(ix) प्रत्यायित देशों में स्थापित संपर्कों के माध्यम से अन्य देशों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यकलापों के बारे में जानकारी प्राप्त करना।

(x) अनुसंधान प्रयोगशालाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि से विज्ञान और प्रौद्योगिकी अधिकारियों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिष्टमंडलों, वैज्ञानिकों के दौरों के आयोजन में समन्वयन एवं सहायता करना।

(xi) सामान्यतः प्रत्यायित देशों में संबंधित सरकारी कार्यालयों, आर एंड डी संस्थाओं, शैक्षिक और अनुसंधान संस्थाओं आदि के साथ संपर्क माध्यम के रूप में कार्य करना।

7. **<u>सामान्य :</u>**

I. विभाग के पास नियुक्ति को कोई कारण बताए बिना किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

II. विहित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं और उक्त अर्हताएं धारित करने मात्र से कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने का हकदार नहीं होगा। यदि विज्ञापन के उत्तर में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होंगे तो सुनिर्धारित मानदंडों जिनमें वांछनीय अर्हताएं होना और/या विज्ञापन में विहित अनुभव होना और/अथवा विभाग की विशिष्ट अपेक्षा के अनुरूप किसी क्षेत्र विशेष में अर्हताएं/अनुभव रखना शामिल होगा, के आधार पर विभाग द्वारा लघुसूचीयन प्रक्रिया के जरिए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने वाले

अभ्यर्थियों की संख्या तर्कसंगत रूप में सीमित रखी जाएगी। साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाए गए/नियुक्ति हेतु नहीं चयन किए गए अभ्यर्थियों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**किसी प्रकार की संयाचना करने से अभ्यर्थिता निरर्ह हो जाएगी।**

III. मुख्यालय से बाहर के अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु इस विभाग में बुलाए जाने की स्थिति में, यह विभाग केवल रेल टिकट आदि जैसे यात्रा के वैध साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने पर सीधी ट्रेन में प्रथम श्रेणी एसी-।।। कोच से आने-जाने का किराया प्रदान करेगा।

IV. केंद्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी।

V. चयनित अभ्यर्थी को भारत सरकार की अपेक्षानुसार कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है।

VI. नियुक्ति के नियम समय-समय पर यथासंशोधित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 5 जनवरी, 1994 के का.ज्ञा.सं. 2/29/91-स्था (वेतन.।।) के अनुसार होंगे।

VII. चुने गए अभ्यर्थियों का वेतन नियुक्ति की तारीख को विदेशी प्रतिनियुक्ति वाले पदों के लिए लागू भारत सरकार के नियमों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

VIII. प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि सहित संविदा) आधार पर नियुक्ति हेतु किसी अभ्यर्थी की सिफारिश करते समय तलाशी-सह-चयन समिति दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित जीवनवृत्त का मूल्यांकन करेगी। पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।

IX. इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के लिए उनकी नियुक्ति की औपचारिकता पूरी होते ही या वर्तमान पदधारी के पद छोड़ते ही, जो भी बाद में हो, कार्यभार ग्रहण करना अपेक्षित है। तदनुसार अभ्यर्थियों से ब्रीफिंग/अभिविन्यास कार्यक्रम आदि के लिए उपलब्ध होने की प्रत्याशा की जाती है।

8. **आवेदन करने का तरीका:** आवेदन प्रक्रिया के दो स्तर हैं:

I. **आनलाइन आवेदन प्रपत्र भरना**

**(क)** पात्र अभ्यर्थी वैध ईमेल आईडी का उपयोग करते हुए ऑनलाइन पोर्टल https://recruitment.dst.gov.in/ के जरिए **केवल ऑनलाइन** आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु यह ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की अवधि तक उपलब्ध रहेगा।

(ख) अभ्यर्थी को ऑन-लाइन आवेदन पत्र भरने और प्रयोज्य प्रमाण-पत्र/दस्तावेज अपलोड करने होंगे। आवेदन पत्र भरने संबंधी अनुदेश https://recruitment.dst.gov.inपर उपलब्ध हैं।

**टिप्पणी:1** विदेशी विश्वविद्यालय/संस्था द्वारा जारी प्रमाण-पत्र भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) नई दिल्ली द्वारा समतुल्य प्रमाणपत्र(पत्रों)के रूप में अवश्य प्रमाणित किया जाना चाहिए। तथापि, जहाँ एआईयू विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त ऐसी विषयगत वृत्तिक उपाधियों की समतुल्यता का आवेदन स्वीकार नहीं करता है जो एआईयू के कार्यक्षेत्र से इस समय बाहर हैं और जहाँ ऐसे मामलों का निपटारा संबंधित वृत्तिक परिषदों (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) द्वारा किया जाता है,वहाँ आवेदक को ऐसी वृत्तिक परिषद द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण-पत्र अपलोड करना जरूरी है । आवेदक को, अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों को, जब कभी अपेक्षित हो, प्रस्तुत करना होगा।

**टिप्पणी 2:** यदि आवेदक राज्य सरकार /पीएसयू/स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालय आदि में इस समय कार्य कर रहा हो, जहाँ वेतनमान केन्द्र सरकार के वेतनमान के समान नहीं है,वहाँ आवेदक को राजपत्र अधिसूचना/सरकारी आदेश को अपलोड करना होगा,जिसमें राज्य सरकार/पीएसयू/स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालय आदि के ऐसे वेतनमान को केन्द्र सरकार के सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के तदनुरूप वेतनमान/स्तर के समान कर दिया गया हो। इस संबंध में, ऐसी समतुल्यता प्रदान करने का दायित्व आवेदक का होगा और ऐसे मामलों में विभाग का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**II.आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी को पंजीकृत अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा प्रस्तुत करना:**

(क) आवेदक को कम्प्यूटर से तैयार आवेदन की हार्ड कॉपी (आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित) प्राप्त करनी चाहिए। अनुलग्न दस्तावेज/प्रमाण-पत्र के प्रिंट आउट को आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ अग्रेषित किया जाना अपेक्षित नहीं है।

(ख) सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों/विश्विद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों में कार्यरत आवेदक को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए। ऐसे आवेदनों पर तब विचार किया जाएगा जब वे विहित संरूप (संलग्नक-।) में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र के साथ **उचित माध्यम से** निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्राप्त होंगे।

(ग) अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर **विचार नहीं किया जाएगा**, भले ही ऑनलाइन आवेदन अंतिम तारीख के पहले भरा गया हो। इस प्रकार आवेदक की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने विभाग/संगठन में अपने आवेदन का अनुवर्तन करे और यह सुनिश्चित करे कि उसका आवेदन हर प्रकार से पूर्ण है और उसके सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित है, और वह आवेदन इस विभाग को निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, किसी भी रूप में अधूरा आवेदन सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। डाक विभाग द्वारा विलंब अथवा संबंधित अग्रेषण

प्राधिकारी आदि द्वारा अग्रेषण में विलम्ब सहित किसी कारणवश आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**इस संबंध में कोई ढील नहीं दी जाएगी।**

(घ) आवेदक द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित आवेदन पत्र और विगत पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की अनुप्रामणित प्रतियां ऑन-लाइन पोर्टल बंद होने की अंतिम तारीख (अर्थात एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन) से 15 दिनों के भीतर (असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश,मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पीति जिले और चम्बा जिले के पांगी अनुमंडल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और लक्ष्यद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए 30 दिन) **अवर सचिव, (स्थापना-।।।) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, टेक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली रोड, नई दिल्ली-110016 को अग्रेषित किए जा सकते हैं। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन को साधारण डाक अथवा कुरियर से नहीं भेजें।**

(ङ) जो आवेदक वाशिंगटन और मॉस्को में वैज्ञानिक अताशे के दोनों पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं वे अपना अधिमान क्रम इंगित करें ।

(च) निर्धारित समय और तारीख के भीतर प्राप्त आवेदनों की सूची आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख के बाद डीएसटी की वेबसाइट पर डाली दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदनों की स्थिति की जांच कर लें। इस संबंध में कोई भी अभ्यावेदन (निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्राप्त आवेदनों की सूची में नाम शामिल नहीं होने के संबंध में) निर्धारित समय-सीमा के भीतर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में आवेदन जमा करने संबंधी प्रयोज्य साक्ष्य के साथ वेबसाइट पर सूची डालने की तारीख के सात दिनों के भीतर दाखिल किया जा सकता है।

**आवेदनों की अग्रिम प्रतियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।**

(जे. शिव रामकृष्णन)

अवर सचिव, भारत सरकार

अनुलग्नक-।

<u>प्रमाण-पत्र</u>

(संगठन/कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी किया जाए)

i. प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री ................................. ने दिनांक ............... को इस संगठन में ............. पद पर कार्य भार ग्रहण किया और ............. पद पर वर्तमान में कार्य कर रहे हैं/रही हैं।

ii. प्रमाणित किया जाता है कि इनके विवरणों को सत्यापित कर लिया गया है और सही पाया गया है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि कोई अनुशासनिक/सतर्कता कार्यवाही अधिकारी के विरुद्ध लंबित अथवा अवेक्षित नहीं है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रामाणित है।

iii. श्री/ श्रीमती/सुश्री ................. के आवेदन की अनुशंसा की जाती है। उनका चयन हो जाने पर विभाग/संगठन उन्हें भारमुक्त कर देगा।

iv. विगत पांच वर्षो की एसीआर/एपीएआर की प्रतियां भी अनुलगन कर दी गई हैं।

संगठन/ कार्यालय प्रमुख
के हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर

स्थान:

दिनांक: